नियुक्ति आदेश नहीं, शिक्षकों में असंतोष

छत्तीसगढ़ संवाददाता

खैरागढ़, 16 अगस्त। नवीन संकुल समन्वयकों की नियुक्ति आदेश जारी नहीं होने से शिक्षकों में असंतोष है। उक्त शिक्षकों का कहना है कि परिणाम घोषित होने के बावजूद यदि शीघ्र ही आदेश जारी नहीं होता है तो वे इस मामले को लेकर न्यायालय की शरण में जाने को बाध्य होंगे। इस संबंध में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान की प्राचार्य जानकी रंगारी का कहना है कि नवीन संकुल समन्वयकों की नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी कर यथा समय फाईल राजीव गांधी मिशन में जमा किया जा चुका है तथा कलेक्टर के अनुमोदन के बाद ही आदेश जारी होगा।

गौरतलब है कि राजनांदगांव जिलों में नवीन संकुल समन्वयकों की नियुक्ति के लिए दिसंबर 2009 में परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसमें राजनांदगांव जिले के राजनांदगांव, खैरागढ़, छुरिया, डोंगरगढ़, डोंगरगांव, मोहला, चौकी व भानपुर शिक्षा विकासखंड शामिल है। संकुल समन्वयकों की परीक्षा में जो शिक्षक सम्मिलित हुए थे, उनका परीक्षा परिणाम माह जनवरी 10 में घोषित किया गया तथा उत्तीर्ण शिक्षकों का साक्षात्कार अप्रैल माह 10 में संपन्न हुआ।

साक्षात्कार के बाद चयनित शिक्षकों की सूची चयन कमेटी से अनुमोदन के पश्चात खैरागढ़ डाइट द्वारा 22 मई10 को राजीव गांधी मिशन में आवश्यक कार्रवाई के लिए जमा किया गया था, लेकिन आज तक संकुल समन्वयकों की नियुक्ति आदेश जारी नहीं किया गया है।

ज्ञात हो कि प्रदेश के अन्य जिलों में जहां शासन के निर्देशानुसार परीक्षा आयोजित की गई थी, वहां नियुक्ति आदेश जारी किया जा चुका है। यहां तक की पड़ोसी जिला कवर्धा जहां राजनांदगांव जिले के बाद परीक्षा आयोजित की गई थी, वहां भी आदेश जारी किया जा चुका है। लेकिन राजनांदगांव जिले में सभी कार्रवाई पूर्ण होने के बाद भी इस मामले को लटकाकर रखा गया है।

ज्ञात हो कि संकुल समन्वयक चयन कमेटी में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, अध्यक्ष, प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, पदेन सचिव, जिला शिक्षाधिकारी, सदस्य, परियोजना समन्वयक राजीव गांधी मिशन, सदस्य व सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास सदस्य के रूप में शामिल होते हैं। उक्त चयन समिति सदस्यों के द्वारा तय नामों की सूची कलेक्टर के पास भेजी जाती है, जहां कलेक्टर के अनुमोदन के बाद ही आदेश जारी होता है।

शिक्षा विकासखंड खैरागढ़ में 16 समन्वयकों की नियुक्ति किया जाना है। मिली जानकारी अनुसार इसके लिए आयोजित परीक्षा में 18 शिक्षकों ने फार्म भरा था, लेकिन परीक्षा 16 शिक्षकों ने दिया, 2 शिक्षक अनुपस्थित थे। परीक्षा में शामिल व उत्तीर्ण शिक्षकों में विद्याकांत महोनिया, मानस दास साहू, कल्याण दास वर्मा, कंवल राम साहू, धर्मेंद्र कुमार साहू, अर्जुनलाल वर्मा, राजेश कुमार अग्रवाल, हेमखाल कौशिक, गणेशराम रजक, दुर्जनराम कंवर, धृतेंद्र कुमार सिंह, सुरेश नागपुरे, कंवल कुमार वर्मा, रामेश्वर वर्मा, टीकम साहू, तुकाराम वर्मा शामिल है।

बहरहाल इस मामले में जहां छत्तीसगढ़ राज्य के अन्य जिलों में परीक्षोपरांत संकुल समन्वयकों का आदेश निकाला जा चुका है, वहीं राजनांदगांव जिला इस मामले में पिछड़ा नजर आ रहा है और इस विलंब को लेकर शिक्षकों में रोष भी देखा जा रहा है।

बैकुंठपुर। सावन के महीने में जगह जगह के लोग अपने क्षेत्र के धार्मिक महत्व के शिवमंदिरों में जाकर जलाभिषेक करते हैं। जिला मुख्यालय बैकुण्ठपुर के नजदीक छुरीगढ़ धाम में सोमवार को प्रात: कांवरियों का दल छुरीगढ़ धाम जल चढ़ाने के लिए बोल बम के गुंजायमान नारों के साथ निकले। इस अवसर पर छुरीगढ़ धाम में लगाए जाने वाले झण्डे को संसदीय सचिव भैयालाल राजवाड़े ने कार्यक्रम के संयोजक अजय जायसवाल को सौंपा और इनके साथ भारी संख्या में श्रद्धालुगण नगर के गेज नदी तट से जल लेकर समीप स्थित ऐतिहासिक शिवमंदिर में जलाभिषेक किया और यहॉ से पैदल कांवरियों का दल बोल बम बोल बम के नारों के साथ छुरीगढ़ धाम के लिए निकल पड़े। इस दौरान गेज नदी तट पर भक्तिमय वातावरण बन गया था। पूर्व निर्धारित योजना के तहत आज के दिन जिला मुख्यालय बैकुण्ठपुर के आस पास के विभिन्न क्षेत्रों से कांवरियें जुटे थे। इस अवसर पर जामपारा के कांवरियों ने गाजे बाजे के साथ अपनी टोली लेकर गेज नदी तट पर पहुॅची।

हत्याकाण्ड की गुत्थी सुलझी दो आरोपी गिरफ्तार

छत्तीसगढ़ संवाददाता

मनेन्द्रगढ़, 16 अगस्त। एक पखवाड़े पूर्व हुए हत्या की गुत्थी को सुलझाते हुए झगराखाण्ड पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध अपराध दर्ज कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया है।

खोंगापानी थानान्तर्गत छप्पन दफाई निवासी दिनेश साहू कोतमा भालूमाड़ा निवासी अपने साथी प्रेमशंकर उर्फ के साथ मोटरसाइकिल में सवार होकर कोरबी के समीप कुर्था गांव मछली व्यवसाय के संबंध में गए थे। दोनों 2 अगस्त को वापस अपने घर लौट रहे थे। उधनापुर बस स्टैण्ड से कुछ दूरी पर दिनेश का पुराना परिचित राकेश मिला जो निगम बस से सब्जियों की गाछी उतार रहा था। उसने दिनेश को बताया कि बस में सवार जयलाल ने उसके भाई की शर्ट जला दी है। इस बात पर दिनेश और राकेश ने जयलाल को बस से नीचे उतारकर उसके साथ मारपीट की। मारपीट से क्षुब्ध ग्राम पंचायत बुन्देली निवासी जयलाल सिंह एवं ग्राम बहडोला निवासी संजय उरांव ने बस से उतरकर दिनेश साहू का पीछा किया। पाराडोल रपटा पर बाढ़ का पानी रपटा से ऊपर चलने के कारण दिनेश साहू और उसका मित्र प्रेमशंकर जैसे ही दूसरे रास्ते से जाने को तैयार हुए कि घात लगाकर बैठे आरोपियों ने डण्डे से उन पर ताबड़तोड़ प्रहार शुरू कर दिया। हमले से दिनेश की मौके पर ही मौत हो गई जबकि प्रेमशंकर को गंभीर हालत में अपोलो बिलासपुर भेजा गया है। घटना के बाद से ही पुलिस इसे हत्या से जोड़कर देख रही थी। घायल प्रेमशंकर की हालत में सुधार होने पर उसके बयान के आधार पर एसपी के निर्देशन में झगराखाण्ड थाना प्रभारी एफजे मिंज, आरक्षक मनोज सिंह परिहार, दिनेश यादव, राजेश मरकाम, रामनाथ सांडिल्य, भागचन्द ने आरोपियों को उनके गाँव से गिरफ्तार कर लिया गया।

शान से मनाया गया जश्ने आजादी पर्व

छत्तीसगढ़ संवाददाता

मनेन्द्रगढ़, 16 अगस्त। स्वतंत्रता दिवस की 63वीं वर्षगांठ पर नगर के विविध शैक्षणिक संस्थाओं, शासकीय कार्यालय भवनों में राष्ट्रीय ध्वज को फहराकर अमर शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बालक क्रीड़ांगन में संपन्न हुए सार्वजनिक ध्वजारोहण कार्यक्रम में नगर के सभी विद्यालयों के छात्र-छात्राएं, शिक्षक-शिक्षिकाएं व गणमान्य जन काफी संख्या में सम्मिलित हुए।

नियत कार्यक्रमानुसार क्षेत्रीय विधायक दीपक पटेल ने ध्वजारोहण किया। विधायक श्री पटेल ने मुख्यमंत्री का प्रदेश के नाम संदेश का वाचन कर स्वतंत्रता दिवस की 63वीं वर्षगाँठ की शुभकामनाएं दी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में शास.बा.उ.मा.वि. (आजाक) के शालू मलिक व साथियों ने 'गोविन्द बोलो हरि गोपाल बोलो' प्रथम, शासकीय विवेकानंद महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ के संतोष मरावी एवं साथियों ने 'कोनो नरियल मांगत हे' द्वितीय व शास.क.उ.मा.वि. (शिक्षा विभाग) की कु. वंदना पासी एवं साथियों ने 'वन्दे मातरम' तथा शास.क.उ.मा.वि. उच्चतर माध्यमिक खण्ड (आजाक) की कु. साउली पासी एवं साथियों ने 'भारत हमारा हमको जान से प्यारा है' संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। मंच से एनसीसी, स्काउट, पर्यावरण प्रतियोगिता एवं बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को भी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। नेत्रहीन विद्यालय आमाखेरवा

के छात्रों द्वारा प्रस्तुत सामूहिक गीत के लिए विशेष पुरस्कार से नवाजा गया। कार्यक्रम का संचालन शासकीय विवेकानंद महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. एसपी त्रिपाठी ने किया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से नगर के वरिष्ठ नागरिक रघुवर प्रसाद जायसवाल, एसडीएम रेणुका श्रीवास्तव, एसडीओपी जयदेव कोसले, तहसीलदार इरशाद अहमद, पीडब्ल्यूडी कार्यपालन यंत्री आरके कुम्हार, एसडीओ जीपी विश्वकर्मा, एडीपीओ एमके वर्मा, प्राचार्य एसके शर्मा, नपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पटवा, उपाध्यक्ष सुरेश श्रीवास्तव, जनपद अध्यक्ष हंसराज सिंह, सीएमओ नपा अशोक शर्मा, सीईओ एमआर लहरे, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष सुदर्शन अग्रवाल, लखन श्रीवास्तव, विकासखण्ड शिक्षाधिकारी एसके द्विवेदी, श्यामबिहारी रैकवार, एल्डरमेन दिनेश्वर मिश्रा, अनिल प्रजापति, रजनीश तिवारी, दीपक गुप्ता, जोसफ जार्ज, रेखा उपाध्याय, परियोजना अधिकारी संजय श्रीवास्तव, टीआई एमआर कश्यप, संजीव सिंह, राममनोहर शाह, पार्षद गुरूचरण सिंह कालरा, अजय जायसवाल, राजेन्द्र पाल गुप्ता, स्वर्ण मेहता, उप अभियंता शेखर साहू, एनसीसी ऑफिसर एसकेएस केरकेट्टा एवं संजीव कुमार सहित नगर के विभिन्न शासकीय कार्यालयों के अधिकारी, कर्मचारी, शैक्षणिक संस्थानों के शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यार्थी, अभिभावक, समस्त पीटीआई एवं कोच गणमान्य नागरिक काफी संख्या में उपस्थित थे। ऑटो संघ ने मनाया स्वतंत्रता दिवस - राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस पर ऑटो संघ मनेन्द्रगढ़, खोंगापानी, लेदरी, झगराखाण्ड कॉलरी के ऑटो चालकों द्वारा नगर भ्रमण कर रैली निकाली गई। रैली का समापन आमाखेरवा स्टेडियम में किया गया। इस अवसर पर सर्वसम्मति से ऑटो संघ के पदाधिकारियों का निर्वाचन किया गया जिसमें राजू लाल पटवा अध्यक्ष, गिरीश चंदेल उपाध्यक्ष,

यशवन्त लाल सचिव, मंगल देव बुनकर सह सचिव एवं राकेश शुक्ला को कोषाध्यक्ष बनाया गया।

नई लेदरी - नगर पंचायत नई लेदरी में नगर पंचायत अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह राणा ने ध्वजारोहण कर अमर शहीदों के बलिदान को याद किया। स्वतंत्रता दिवस पर नगर पंचायत नई लेदरी के सौजन्य से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। परिवार सहायता योजना के तहत् कु. रम्भा, अख्तरी बेगम एवं गुलबसिया को दस-दस हजार रूपए का चेक नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा वितरित किया गया। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष पवन कुमार, पार्षद सुनील श्रीवास्तव, गार्गी शंकर, प्रमोद आइंद, रामसुमन मिश्रा, राजकुमार, ओमप्रकाश, बलेश्वर, चंद्रिका, विजय सतनामी, पुष्टि पाण्डेय, आशि बेगम, राजकुमारी, अमरीका बाई, बसंती देवी, अरूणेन्दु सेन शर्मा, देवबहादुर सिंह, रमाकांत साहू, सीएमओ रमेश द्विवेदी आदि उपस्थित थे।

स्वतंत्रता दिवस की सालगिरह हर्षोल्लास मना

खैरागढ़, 16 अगस्त। नगर सहित अंचल में राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की सालगिरह हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया। मुख्य आयोजन ऐतिहासिक फत्तेह मैदान में संपन्न हुआ। जहां परम्परानुसार जनपद पंचायत अध्यक्ष टिलेश्वर साहू ने तिरंगा फहराया। सर्वप्रथम एसडीएम पीएस ध्रुव व तहसीलदार आरपी आचला ने अतिथियों का स्वागत किया।

एनसीसी प्रभारी आरके श्रीवास्तव के निर्देशन में अतिथियों द्वारा परेड का निरीक्षण किया गया जिसके बाद एनसीसी स्काउट गाईड व रेडक्रास के छात्रों द्वारा मार्चपास्ट कर मुख्य अतिथि को सलामी दी गई। इस अवसर पर अवाम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष टिलेश्वर साहू ने क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता की 63 वीं वर्षगांठ की बधाई देते हुए मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के संदेश का वाचन किया। समारोह को संबोधित करते हुए नगरपालिका अध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि समूचा छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में सही मायनों में आजादी की परिभाषाएं गढ़ रहा है। संसदीय सचिव कोमल जंघेल ने कहा कि डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में हर वर्ग समुदाय के लोगों का समुचित विकास हो रहा है। समारोह में केन्द्रीय विद्यालय के छात्रों द्वारा पंजाबी लोक नृत्य भांगड़ा व वेसलियन पब्लिक स्कूल के छात्रों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। वहीं विवेकानन्द पब्लिक स्कूल की नन्ही बालिकाओं द्वारा देशभक्ति गीत की प्रस्तुति दी गई। समारोह का संचालन वरिष्ठ शिक्षक भरत श्रीवास्तव ने किया व आभार प्रदर्शन तहसीलदार आरपी आचला द्वारा किया गया।

राष्ट्रीय पर्व स्वतन्त्रता दिवस पूरी तरह राजनीतिक रंग में रंगा हुआ नजर आया। वहीं नगर में इस बात को लेकर भी चर्चा है कि अतिथियों द्वारा मंच से राष्ट्र पुरूषों व शहीदों के बजाय सत्तारूढ़ मंत्रियों की जमकर तारीफ की गई।

उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री बघेल ने ध्वजारोहण कर सलामी ली

छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा, 15 अगस्त। राज्य शासन के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री दयालदास बघेल के मुख्य आतिथ्य में आज स्वतंत्रता दिवस समारोह की ६३वीं वर्षगांठ स्थानीय शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रांगण में हर्षोगास के साथ संपन्न हुआ। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री दयालदास बघेल ने इस अवसर पर ध्वजारोहण कर परेड का निरीक्षणकर सलामी ली व मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। इस मौके पर शांति के प्रतीक श्वेतकपोत और रंगबिरंगे गुब्बारे आकाश में छोडे गये।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री दयालदास बघेल के साथ कलेक्टर आर. संगीता, पुलिस अधीक्षक हेमकृष्ण राठौर ने परेड का निरीक्षण किया और परेड कमांडरों से परिचय प्राप्त किया। इस अवसर पर जिला पुलिस बल, सशस्त्र बल और नगर सेना के जवानों ने हर्ष फायर किया। परेड कमांडर अमृत कुजूर और सेंकेण्ड परेड कमांडर सहायक उपनिरीक्षक अमित तिवारी के नेतृत्व में 14 प्लाटूनों ने आकर्षक मार्चपास्ट कर मुख्य अतिथि को सलामी दी।

प्लाटून क्रमांक एक एस.ए.एफ के पी.कुजूर के नेतृत्व मे एस.ए.एफ के जवानों ने, प्लाटून क्रमांक दो उप निरीक्षक राजेश मिश्रा के नेतृत्व में जिला पुलिस बल(सशस्त्र), प्लाटून क्रमांक तीन गोविंद राम यादव के नेतृत्व में नगर सेना के जवानों ने, प्लाटून क्रमांक चार बैजन्तीमाला तिग्गा के नेतृत्व में महिला पुलिस बल आकर्षक मार्च पास्ट कर मुख्य अतिथि को सलामी दी। प्लाटून क्रमांक पांच एनसीसी सीनियर शासकीय महाविद्यालय कवर्धा, प्लाटून क्रमांक छः एनसीसी जूनियर स्वामी करपात्री विद्यालय स्कूल, प्लाटून क्रमांक सात रेड क्रास आदर्श कन्या उगातर माध्यमिक विद्यालय, प्लाटून क्रमांक आठ आदर्श कन्या उगातर माध्यमिक विद्यालय, प्लाटून क्रमांक नौ सरस्वती शिशु मंदिर कवर्धा, प्लाटून क्रमांक 10 स्काउट स्वामी करपात्री विद्यालय, प्लाटून क्रमांक 11 रेडक्रास स्वामी करपात्री विद्यालय, प्लाटून क्रमांक 12 स्काउट नवीन उगातर माध्यमिक विद्यालय, प्लाटून क्रमांक 13 विवेकानंद हाईस्कूल व प्लाटून क्रमांक 14 स्काउट सरस्वती शिशु मंदिर स्काउट ने मार्च पास्ट में हिस्सा लिया।

आकर्षक मार्च पास्ट के पश्चात होलीक्रास स्कूल के लगभग 300 बच्चों ने आकर्षक व्यायाम का प्रदर्शन किया। आठ स्कूलों के स्कूली बगों ने स्वतंत्रता दिवस समारोह आकर्षक और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। रामकृष्ण पब्लिक स्कूल के छात्राओं ने उठो जवान जागों किसान, होली किंगडम स्कूल के छात्राओं ने झूमू-झूम के आया ये दिन, सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र-छात्राओं ने मेरा रंग दे बसंती चोला, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के छात्राओं ने सुवा, राऊत गीत, दिशा पब्लिक स्कूल के छात्राओं ने देश रंगीला, शासकीय आदर्श कन्या उगातर माध्यमिक विद्यालय के छात्राओं ने तू न हिन्दू बनेगा न मुसलमान बनेगा, गुरूकुल पब्लिक स्कूल के छात्राओं ने पप्पु ला तै पास करा दे व सिवनीकला के बैगा नृत्य प्रस्तुत किये गये।

जिले में कक्षा 12वीं, 10वीं, 8वीं और कक्षा पांचवी की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कक्षा 10वीं में राज्य प्रावीण्य सूची में दसवां स्थान प्राप्त करने वाले रविकुमार निर्मलकर, 12वीं में गजेन्द्र देवांगन, सीबीएसई बोर्ड 12वीं में राकेश सुदरानी, 8वीं बोर्ड में आलीसा, 5वीं बोर्ड में कु. आस्था सोनी व खो-खो में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए चितरेखा ध्रुव को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों को विशिष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। सहायक खाद्य अधिकारी के.एस. नाग, सहायक जिला परियोजना समन्वयक अवधेश श्रीवास्तव, नोडल अधिकारी संजीव कुमार

स्वतंत्रता दिवस पर कई देशभक्ति कार्यक्रम हुए

डोंगरगढ़, 16 अगस्त। बेलगांव, 16 अगस्त। समीपस्थ ग्राम बेलगांव में आजादी की वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर कई देशभक्ति पूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्य आयोजन हाईस्कूल मैदान में किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति नारों के साथ प्रभात फेरी निकाली। राजीवगांधी मेमेरियल, आंगनबाड़ी केंद्र, पशु औषधालय, उपस्वास्थ्य केंद्र में ध्वजारोहण किया गया। ग्राम पंचायत में सरपंच गोविंद कंवर ने ध्वजारोहण किया।

इसी तरह ग्राम पंचायत कोलेन्द्रा, रीवागहन, कटली, धुसेरा,जटकन्हार, माड़ीतराई, कुसमी, कातलवाही, ठाकुरटोला, पलान्दुर के सरपंचों ने में ध्वजारोहण किया। इस दौरान सभी जगह देशभक्ति पूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। साथ ही आयुर्वेद ग्राम बेलगांव में औषधीय गुणों की बहुलता एवं दैनिक जीवन में उपयोग को देखते हुए मुनगे के 100 पौधों का रोपण ग्रामवासियों द्वारा किया गया।

श्रीराम मंदिर बनाने का वचन हनुमान शक्ति जागरण कार्यक्रम

बैकुंठपुर, 16 अगस्त। आयोध्या में विशाल रामंदिर निर्माण के लिए हनुमत शक्ति जागरण समिति कोरिया द्वारा 16 अगस्त को मिनी स्टेडियम बैकुंठपुर में 11 बार हनुमान चालिसा के साथ हनुमत शक्ति जागरण का धार्मिक अनुष्ठान कर इसकी विधिवत शुरूआत की। कार्यक्रम में जिले भर से काफी संख्या में आए हनुमान भक्तों ने हनुमानजी की जयजयकार लगाते हुए मंदिर बनावाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर संसदीय सचिव भैयालाल राजवाडे, विधायक दीपक पटेल, विधायक फूलसिंह, चिरमिरी मेयर डमरू बेहरा, जिला संयोजक हनुमान प्रसाद अग्रवाल, विद्याभारती के नीरज अग्रवाल, प्रणव चक्रवर्ती, जवाहर गुप्ता, कृष्ण बिहारी जायसवाल, रामधनी गुप्ता, किशोरी गुप्ता के साथ कार्यक्रम संयोजक पूर्व विधायक द्वारका गुप्ता प्रमुख रूप से उपस्थित थे। जिले में पहली बार आयोजित कार्यक्रम में सरस्वती शिशु मंदिर की छात्राओं ने भजन सुनाया। विधिवत पूजन के बाद उपस्थित भक्तजनों ने हनुमानजी की पूजा कर राम मंदिर निर्माण के लिए संसद में कानून बनाए जाने के पक्ष में हस्ताक्षर किए।

इस अवसर पर जिला संयोजन हनुमान प्रसाद अग्रवाल ने दूर-दूर से आए भक्तजनों को स्वागत कर इस महाप्रतिष्ठान में भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि 6 दिसंबर के बाद अयोध्या में आज भी भगवान राम टाट पर विराजमान है। हमारे लिए इससे शर्म की बात और क्या हो सकती है। विद्याभारती के नीरज अग्रवाल ने उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए कहा कि जिस तरह से आज तक केन्द्र की सरकारों ने रामजन्म भूमि विवाद से दो समुदायों को लडाया वो सिर्फ वोट की राजनीति है।

इससे हिन्दू भावनाओं को गहरी ठेस पहुंची है। पूर्व विधायक व संयोजक द्वारका गुप्ता ने कहा कि श्रीराममंदिर जन्मभूमि हिन्दू समाज के लिए सम्पत्ति नहीं है, अपितु रामलला के समान ही जन्मभूमि भी देवता है और इस रूप में पूज्य है तथा इसी स्थान के लिए लाखों भक्तों ने बलिदान भी दिया है। हिन्दुओं ने सवा सवा रूपया अर्पित कर करोडों घरों में जिसके चित्र लगे हैं उसी प्रारूप का श्रीराम जन्मभूमि मंदिर बनेगा। कार्यक्रम के अंत में हनुमानजी की आरती के साथ भक्तजनों को प्रसाद का वितरण भी किया गया।

रुपए लूटकर भागने वालों में 1 बंदी

छत्तीसगढ़ संवाददाता

मनेन्द्रगढ़, 16 अगस्त। केल्हारी थानान्तर्गत दो बाइक सवारों द्वारा एक व्याख्याता के हाथ से लगभग 50 हजार की रकम लूटकर भाग जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस द्वारा एक आरोपी को हिरासत में लेकर उससे लूट की रकम बरामद कर ली है।

केल्हारी थानान्तर्गत शासकीय हाई स्कूल पसौरी में व्याख्याता एवं संकुल केन्द्र पसौरी के प्रभारी पद पर कार्यरत् रामप्रताप शर्मा 13 अगस्त को शासकीय कार्य से मनेन्द्रगढ़ आए हुए थे। मनेन्द्रगढ़ एसबीआई बैंक से उन्होंने अपने निजी खाता से एटीएम से 40 हजार रुपए आहरित किए। इसके बाद सहकारी बैंक से बच्चों की छात्रवृत्ति 8 हजार 220 रुपए निकालकर बैग में रखा। बैग में शासकीय कागजात के साथ मोटरसाइकिल की आरसी बुक, ड्रायविंग लायसेंस, ग्रामीण बैंक केल्हारी का पासबुक, किसान क्रेडिट कार्ड, मतदाता परिचय पत्र तथा स्कूल की तीन सील भी थी। वहां से महामाया बस में बैठकर वे 6 बजे केल्हारी बस स्टैण्ड पहुँचे। श्री शर्मा रुपए से भरे बैग को केल्हारी में अपनी मोटरसाइकिल की डिक्की में डाल रहे थे कि उसी समय मोटरसाइकिल में दो लोग आए और बैग को लूटकर कोतमा जाने वाले मार्ग की ओर निकल भागे।

सूचना मिलने ही पुलिस एवं नागरिकों ने आरोपियों का पीछा किया। कोतमा के पास मोटरसाइकिल के पीछे बैठा लुटेरा जो 40 हजार रूपए रखा था फरार हो गया जबकि चालक को पकड़लिया गया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम बच्चा उर्फ ओमप्रकाश निवासी भोलगढ़ अनूपपुर तथा भागने वाले का नाम बिच्चा उर्फ बृजकिशोर निवासी चन्दला जिला छतरपुर बताया है। हिरासत में आए आरोपी के पास से 8 हजार 200 रुपए एवं अन्य कागजाम बरामद किया गया। उसके बताया कि उसके साथ त्रिलोक उर्फ दीपक निवासी भोलगढ़, सीताराम राठौर निवासी मगरटोला अनूपपुर भी मोटरसाइकिल से मनेन्द्रगढ़ आए हुए थे। वे सभी बैंक में ताक लगाए थे और वहीं से पीछा करते हुए केल्हारी गए और मौका पाकर लूट की वारदात को अंजाम दिया।